एंजल आइज़™
इन्सटीट्यूट ऑफ ऑफ्थैलमौलजी

मोतियाबिन्द ऑपरेशन-आवश्यक पूर्व निर्देश व सूचना

मोतियाबिन्द ऑपरेशन से पूर्व निर्देश

• ऑपरेशन से पहले जाँच द्वारा यह सुनिश्चित कर लें कि आप का ब्लड-प्रेशर एवं शुगर सामान्य है। शुगर की जाँच चार–पाँच दिन से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिये। इन जाँचों की सुविधा हमारे केन्द्र पर भी उपलब्ध है या आप बाहर से भी यह जाँचें करा सकते हैं।

• हृदय–रोग, दमा, खाँसी, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज़ आदि किसी भी रोग से पीड़ित होने पर कृपया अपने चिकित्सक से परामर्श करके आयें। ऐसे किसी भी रोग व आपके द्वारा ली जाने वाली दवाइयों के बारे में हमें अवश्य बतायें।

• ऑपरेशन से दो दिन पहले, डॉक्टर द्वारा बताया गया आई–ड्रॉप, जिस आँख का ऑपरेशन होना है, उसमें दिन में चार बार डालना शुरू कर दें।

• ध्यान रखें कि जिस आँख का ऑपरेशन होना है उसमें पानी, कीचड़, लाली आदि की शिकायत नहीं होनी चाहिये।

कृपया अपने अन्य रोगों की दवाइयों के बारे में हमें अवश्य बतायें। किस दवा को बन्द करना है और किस दवा को चलने दें, आप को बता दिया जायेगा। ***एस्प्रिन, डिस्प्रिन, एसीट्रोम आदि खून को पतला करने वाली दवायें ऑपरेशन से 5 दिन पहले बन्द करना आवश्यक है।*** इसके अलावा डायबिटीज़, ब्लड–प्रेशर, थायरायड व हृदय–रोग की अन्य दवायें पहले जैसे चलने दें।

• ऑपरेशन की तिथि व समय कृपया रिसेप्शन से सुनिश्चित कर लें। कृपया रिसेप्शन पर अपना फ़ोन नम्बर अवश्य लिखवा दें। ज़रूरत होने पर, किसी भी प्रकार की सूचना देने के लिये यह आवश्यक है।

• ऑपरेशन के पहले यह भी सुनिश्चित कर लें कि आप अपनी आँख में प्रत्यारोपित होने वाले कृत्रिम लैन्स के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर चुके हैं। कृत्रिम लैन्स के सारे विकल्प विस्तार में जान कर आप सुविधानुसार कृत्रिम लैन्स चुन सकते हैं।

• मोतियाबिन्द के सफल उपचार से सम्बन्धित निर्देश पुस्तिका एक बार अवश्य पढ़ें। इस पुस्तिका में न केवल प्रत्यारोपित होने वाले कृत्रिम लैन्स की सम्पूर्ण जानकारी है बल्कि पूरे खर्च आदि का भी विस्तृत ब्योरा दिया गया है।

मोतियाबिन्द ऑपरेशन के दिन के निर्देश (..................................)

ऑपरेशन से पहले के निर्देश:

- ऑपरेशन के दिन हल्का भोजन/नाश्ता (चाय, ब्रेड, बिस्कुट आदि) खा कर आयें।
- ऑपरेशन के दिन जो ड्रॉप डाल रहे थे साथ में लेकर आएं एवं डाक्टर द्वारा दिया हुआ परामर्श का कागज़ भी साथ लेकर आयें।
- ब्लड–प्रेशर एवं शुगर की जाँच की रिर्पोट साथ लेकर आएं।
- यदि आपको खाँसी, कब्ज़, घबराहट, साँस फूलने की शिकायत हो तो ज़रूर बतायें।
- महिला रोगी ऑपरेशन के दिन आँख में काजल या अन्य कोई मेकअप न करें।
- सिन्दूर का प्रयोग भी न करें। माथे पर तिलक, टीका आदि भी न लगायें।
- ऑपरेशन के दिन आप को दिये गये समय से लगभग 4–5 घन्टे के बाद ही आप घर जा सकेंगे।

ऑपरेशन की पूर्व-प्रक्रिया:

बताये गये निर्देशों के अनुसार, आप पूर्व–निर्धारित समय पर अस्पताल पहुँच कर रिसेप्शन से सम्पर्क करें। ऑपरेशन से पूर्व रिसेप्शन पर ऑपरेशन की सहमति–सम्बन्धित आदि औपचारिकताओं को पूरा करना अनिवार्य है। कृपया ऑपरेशन का शुल्क केवल रिसेप्शन पर दें व रसीद अवश्य प्राप्त करें। किसी अन्य स्टाफ को न दें। आप के ब्लड–प्रेशर आदि की जाँच होने के बाद, जिस आँख का ऑपरेशन होना है नर्सिंग स्टाफ उसे साफ़ करके ऑपरेशन के लिये तैयार करता है।

- मोतियाबिन्द के ऑपरेशन सम्बन्धित हर प्रकार की जानकारी पाने के लिये व ऑपरेशन करवाने के लिये आप हमारे नेत्र—केन्द्र पर निम्न टेलीफ़ोन नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं —

  9335743880, 9235911111, 0512-2219557, 9918516969

मरीज़ का नाम...

ऑपरेशन...

ऑपरेशन तिथि...

नेत्र–केन्द्र पहुँने का समय..

रिसेप्शिनिस्ट का नाम...

तिथि.............................   रिसेप्शनिस्ट...................................